संपूर्ण कायाकल्प अभियान

चर्चा में क्यों?

8 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कुशाभाऊ ठाकरे सभागृह में स्वास्थ्य विभाग के 'संपूर्ण कायाकल्प अभियान' का शुभारंभ किया और अभियान में 66 करोड़ रुपए की राशि प्रदेश की स्वास्थ्य संस्थाओं के प्रभारियों के खातों में ट्रांसफर की।

प्रमुख बिंदु

- इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ज़िला अस्पतालों और अन्य स्वास्थ्य संस्थाओं को कायाकल्प पुरस्कार से सम्मानित भी किया तथा अलग-अलग श्रेणियों में पुरस्कार प्रदान किये।
- मुख्यमंत्री ने ज़िला अस्पतालों को स्वास्थ्य सेवाओं का श्रेष्ठ संचालन के लिये कायाकल्प अवार्ड प्रदान किये। इनमें विदिशा ज़िला अस्पताल को 50 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार, ज़िला अस्पताल देवास को 20 लाख रुपए का द्वितीय पुरस्कार और ज़िला अस्पताल सतना को 10 लाख रुपए का तृतीय पुरस्कार प्रदान किया।
- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने कहा कि कायाकल्प अभियान की शुरुआत वर्ष 2015 में की गई थी। पहले 65 स्वास्थ्य संस्थाएँ पुरस्कृत हुई थीं। वर्ष 2021-22 में प्रदेश की 395 स्वास्थ्य संस्थाओं को कायाकल्प अवार्ड दिया जा रहा है।
- उन्होंने कहा कि शासकीय अस्पतालों को अधिक सुविधा संपन्न बनाने के लिये संपूर्ण कायाकल्प अभियान शुरू किया जा रहा है।
- इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि संपूर्ण कायाकल्प अभियान के अंतर्गत अधो-संरचना का विकास एवं भवन रख-रखाव, चिकित्सा उपकरण एवं फर्नीचर की उपलब्धता, संस्थाओं में जाँच, सेवाओं एवं दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता, डायलिसिस एवं कैंसर की नई उपचार सेवाओं का विकास, ब्लड बैंक एवं ब्लड स्टोरेज का सुदृढ़ीकरण, विशेषज्ञों की कमी को दूर करने के लिये टेलीमेडिसिन सेवाओं का विस्तार, रोगियों के लिये हितग्राही मूलक सेवाओं का विकास और स्वास्थ्य सेवाओं में जन-भागीदारी को बढ़ावा देना आदि शामिल हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sampoorna-kayakalp-abhiyan